**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**

पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर,

**लखनऊ।**

**संख्या-58 /04/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2022/03-परीक्षा/2022**

लखनऊः दिनांक- 22 अक्टूबर, 2022

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2022, सम्मिलित प्रवर/अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक मुख्य परीक्षा-(प्रा0आ0प0-2021)/04 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 76 पदों (प्रवर वर्ग सहायक के 11 पद, अवर वर्ग सहायक के 20 पद व पूर्ति निरीक्षक के 45 पद) पर चयन हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित किये गये कुल 189 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की सूचना संख्या-52/04/कम्प्यूटर अनु0 (बारह)/2022/03-परीक्षा/2022, दिनांक 28-09-2022 द्वारा घोषित किया गया था।

**2-** आयोग की उक्त सूचना के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका अभिलेख परीक्षण दिनांक 02-11-2022 को दो पालियों (प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे) में **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में आयोजित किया जाएगा।

**3- अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये ऐसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा एक या एक से अधिक पदों हेतु आवेदन किया गया है, उनके द्वारा पदवार पृथक-पृथक Document Verification Letter व पदवार पृथक-पृथक अन्य 04 प्रपत्र प्रस्तुत किये जाने होंगें। अभ्यर्थी पदवार पृथक-पृथक Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र अपने मूल आवेदन पत्र (पदवार) में उल्लिखित रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर ही डाउनलोड कर सकेंगें।**

**4-** अभिलेख परीक्षण से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों के Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र Download कर सकेंगे।

**5-** अभिलेख परीक्षण के समय समस्त अभ्यर्थियों के सभी शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान/ सत्यापन व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**6-** उपर्युक्त अभिलेख परीक्षण से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उक्त तिथि के अतिरिक्त अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

22/10/2022

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।